**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 09.10.2020**

- **नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा मोहल्ला–बाडूजई पेशावरी, लाल इमली चौराहा, हकीम अब्दुल हक रोड पर नवनिर्मित 07 दुकानों को किराये पर दिये जाने हेतु प्रीमियम धनराशि की सार्वजनिक नीलामी आज दिनाँक 09.10.2020 को नगर निगम कार्यालय में प्रातः 12:00 बजे करायी गई।**

- **भारत सरकार द्वारा कूड़ा–प्रबन्धन के पायलट अध्ययन के लिये नगर निगम,शाहजहाँपुर को चयनित किया गया।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 09.10.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा मोहल्ला–बाडूजई पेशावरी, लाल इमली चौराहा, हकीम अब्दुल हक रोड पर नवनिर्मित 07 दुकानों को किराये पर दिये जाने हेतु प्रीमियम धनराशि की सार्वजनिक नीलामी आज दिनाँक 09.10.2020 को नगर निगम कार्यालय में प्रातः 12:00 बजे करायी गई। जिसमें भू–तल एवं प्रथम–तल दुकानो के नीलामी के लिये नगर के सम्भ्रंत व्यक्तियो ने भाग लिया। इस नीलामी में भू–तल की 04 दुकानो की नीलामी रू0 64 लाख 30 हजार की हुई। नीलामी में प्रकिया में श्री एस0के0सिंह अपर नगर आयुक्त, श्री आशुतोष कुमार दुबे,उप नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह, कर अधीक्षक रामसेवक राम एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारगण उपस्थित रहे।

2. भारत सरकार द्वारा नगर निगम,शाहजहाँपुर को कूड़ा–प्रबन्धन के पायलट अध्ययन के लिये चयनित किया गया। केन्द्र सरकार के आवास एवं शहरी विकास मत्रालय के निदेशक श्री विनय झा द्वारा वेबनार के माध्यम से किये गये विडियो कान्फ्रेसिंग मे अवगत कराया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की व्यवस्था पूरे देश के शहरो में किया जाना है। इसके लिये देश के दो शहरो का चयन किया गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश से शाहजहाँपुर एवं बिहार से दरभंगा शामिल है। इस योजना के माध्यम से एशियन डेवलमेन्ट बैंक के एक्सपर्ट जिनमें श्री सौरभ मजूमदार,श्री सुनील शर्मा,श्री प्रबल भारद्वाज शामिल है, के द्वारा शहर का सर्वे कर एक प्रोजेक्ट बनाया जायेगा, जिसमे ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के सम्बन्ध में वर्तमान कमियो को दूर करने के सुझाव दिये जायेगें। इस सर्वे के आधार पर आये निष्कर्ष के आधार पर देश के अन्य शहरो में ठोस–अपशिष्ट प्रबन्धन की दशा में सुधार होगा। पायलट प्रोजेक्ट में शामिल होने से शाहजहाँपुर नगर निगम के कूड़ा प्रबन्धन का कार्य शीघ्रता एवं गुणवत्तापूर्वक किया जा सकेगा।

3. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 09.10.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य , फत्तेपुर, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, तिलहरजई सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.10.2020 को **एमनजई जलालनगर, मामूड़ी, बाबूजई, अजीजगंज,रोशनगंज** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 09.10.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियमित रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोंन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
9-10-20

Generated by CamScanner